संख्या-885/78-2-2021-34आईटी/2010

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

राज्य समन्वयक,
सीईजी,
गोमतीनगर।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 02 जून, 2021

विषय:- प्रदेश में कोविड टीकाकरण हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से कॉमन सर्विस सेन्टर्स (सीएससी) द्वारा निःशुल्क प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 17-05-2021 से सीएससी 3.0 परियोजना के कॉमन सर्विस सेन्टर्स (जन सेवा केन्द्र) के माध्यम से कोविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इस व्यवस्था में प्रदेश में हो रहे कोविड रजिस्ट्रेशन के दैनिक आंकड़ो की जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। इसी आशय हेतु शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि कोविन पोर्टल से API Based रजिस्ट्रेशन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ किया जाए, जिसकी सहमति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त कर ली गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्य को तत्काल प्रभाव से गो-लाइव करते हुए इसकी दैनिक प्रगति की सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
अपर मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. एसआईओ, एनआईसी, योजना भवन, लखनऊ।
4. हेड एसईएमटी, सीईजी लखनऊ।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ऋषिरेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव